जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020
E-mail: pro@jaipurmetrorail.in, **Phone No:** 0141-2822760

2023/11/394–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांकः** 03/11/2023

"निवेश करने और साइबर फ्रॉड से बचने के तरीकों" पर एक वार्ता सत्र का आयोजन।

जयपुर 03 नवम्बर। जयपुर मेट्रो एवं मुख्य प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), सचिवालय शाखा, जयपुर टीम के संयुक्त तत्वावधान् में मेट्रो के मानसरोवर मेट्रो डिपो में दिनांक 03 नवम्बर 2023 को जयपुर मेट्रो कर्मचारियों के लाभ के लिए "निवेश करने और साइबर फ्रॉड से बचने के तरीकों" पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वार्ता सत्र में एसबीआई बैंक की विशेषज्ञ टीम द्वारा बैंक के साथ वेतन खातों के विस्तृत लाभ, सर्वोत्तम उपलब्ध मार्गों के साथ सुरक्षा का निवेश, व्यक्तिगत वित्त का प्रबंधन तथा साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता संबंधी जानकारियाँ उपलब्ध करायी गयी।

अधिकारियों व कर्मचारियों को बचत के विविध तरीकों, बीमा के विकल्पों आदि के बारे में बताया गया। वित्त प्रबंधन करके किस तरह समझदारीभरा निवेश किया जा सकता है इसकी चर्चा की गई साथ ही, बैंकिंग व डिजिटल लेन–देन में इन दिनों हो रही फ्रॉडस से बचने के तरीकों से भी अवगत कराया गया।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, जयपुर मेट्रो श्री पी.रमेश ने बताया कि ऐसी गतिविधियों के माध्यम से मेट्रो कर्मचारियों को शिक्षित और जागरूक करने की आवश्यकता है। श्री रमेश ने जागरूकता वार्ता सत्र के इस सफल आयोजन में मेट्रो अधिकारियों व भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के सभी सदस्यों को बधाई दी।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो